हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 15 जनवरी 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण | www.livehindustan.com | वर्ष 24, अंक 13, 24 पेज, मूल्य ₹ 3.00, पौष शुक्ल पक्ष, नवमी, विक्रम संवत् 2075

स्वच्छ वार्ड स्पर्धा में प्रदेश में तीसरा व लखनऊ में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मंत्री व महापौर ने सम्मानित किया

राजीव गांधी द्वितीय वार्ड को सम्मान मिला

स्वच्छता अभियान

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

स्वच्छ वार्ड स्पर्धा में राजीवगांधी द्वितीय वार्ड को प्रदेश में तीसरा व लखनऊ में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 86 'स्वच्छता सैनिकों' को भी स्वच्छता किट देकर सम्मानित किया गया।

गोमतीनगर में सोमवार को राजीव गांधी द्वितीय वार्ड को सम्मानित किया गया।

गोमतीनगर के विरामखण्ड स्थित राम भवन पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशुतोष टंडन ने सफाई कर्मचारियों को 'स्वच्छता सैनिक' की संज्ञा देने के लिए स्थानीय पार्षद अरुण कुमार तिवारी की सराहना की। महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि सफाई को लेकर लखनऊ वासियों में जागरूकता आई है। अभी इसमें और कार्य करने की जरूरत है। जिससे सर्वेक्षण एवं स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में प्रथम स्थान पाया जा सके।

बांटी स्वच्छता किट : स्वच्छता सैनिकों को स्वच्छता अस्त्र किट प्रदान की गई। ट्रैक-सूट, टिफिन, जूता-मोजा, इनर व टोपी शामिल है। इस अवसर पर डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लगे 35 एवं सीवर सफाई में लगे 9 अन्य कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर युवा भाजपा नेता नीरज सिंह स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के संयोजक सुनील मिश्रा, जोनल अधिकारी सुजीत कुमार मौजूद रहे।

वार्ड कॉम्पैक्टर का तोहफा : इस मौके पर राजीव गांधी द्वितीय वार्ड को कूड़े का जल्द एवं सुगम निस्तारण के लिये कॉम्पैक्टर का तोहफा दिया गया। महापौर संयुक्ता भाटिया व युवा भाजपा नेता नीरज सिंह ने फीता काटकर कॉम्पैक्टर का लोकार्पण किया।

लखनऊ को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया

लखनऊ। जगदीश्वरम विहार जन कल्याण समिति वार्ड शहीद भगत सिंह तकरोही की समिति सदस्यों का रविवार को शपथ ग्रहण समारोह और ताहिरी भोज आयोजित किया गया। जिसमें समस्त पदाधिकारियों ने लखनऊ को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री रहे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुरू किया। विधायक कौशल किशोर, अविनाश त्रिवेदी, महापौर संयुक्ता भाटिया, पार्षद दिलीप श्रीवास्तव उपस्थित हुए। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र, सैयद कैसर रजा, हरिशंकर पाण्डेय, मनोज मिश्र, देवीशंकर त्रिपाठी समेत कई लोग मौजूद रहे।